दिनांक 30.03.2026 को अपर जिलाधिकारी (एन0जी0) की अध्यक्षता में जनपद में 'जल जीवन मिशन' के तहत नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

---

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का आयोजन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें-

1-श्री मानवेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर।
2-श्री अनुराग सिंह, सहायक अभियंता, एस0डब्लू0एस0एम0।
3-श्री धीरेन्द्र मौर्या, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
4-श्री शंकु कुमार, अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5-श्री विशेष राय, अवर अभियंता, एस0डब्लू0एस0एम0।
6-श्री अर्पित सचान, इंजी0 आई0टी0 वर्ल्ड हमीरपुर।
7-श्री शिवम शुक्ला, JWIL-SPML(JV), Hamirpur
8-श्री रोहित कुमार सिंह, JWIL-SPML(JV), Hamirpur
9-श्री कृष्ण बिहारी, इंजी. पी0एन0सी0 हमीरपुर।
10-श्री अमित कुमार वर्मा, इंजी. पी0एन0सी0 हमीरपुर।

फर्म जे.डब्लू.आई.एल-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत सभी कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं तथा कार्यदायी फर्म पी.एन.सी-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

मै0 जे.डब्लू.आई.एल-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 129 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 87 राजस्व ग्रामों मे शत-प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है तथा मै0 पी.एन.सी.-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 193 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 50 राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति की जा रही है तथा कई ग्रामो मे 90 प्रतिशत जलापूर्ति हो रही है तथा 08 राजस्व ग्राम बिल्हेटा राठ, बिलगाव, गदहर, औरा खेड़ा, इंगुई, त्योलना, बिरखेड़ी व बीहट में जलापूर्ति बंद है, जिस पर सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त फर्म में आपरेशन एण्ड मेन्टेनेंस की मानव श्रम होने के कारण समय पर लीकेज पाइप लाइन डैमेज पाइप चोकिंग व आपरेटरों की लापरवाही के कारण योजना से आच्छादित सभी राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति नही हो पा रही है।

सुमेरपुर ब्लाक व मौदहा के जे0ई0 और अवकाश मे होने के कारण बैठक मे प्रतिभाग नही किया गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि एक साथ ए0ई0 व जेई को अवकाश न दिया जाये तथा प्रत्येक दशा मे अपने अपने विकास खण्ड में एई व जेई की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अवगत कराया गया कि कैथी, कैथा ग्राम में जलापूर्ति कई दिनो से बंद है, लहरा, रिठारी, मनकी कला बिदपुरी, इदपुरी आदि ग्राम मे जलापूर्ति रोस्टर के अनुसार नही की जा रही है तथा बिना किसी पूर्व सूचना के जलापूर्ति बंद कर दी जाती है। अवर अभियंता द्वारा बताया गया कि बदनपुरा ग्राम के 40 से अधिक घरों में जलापूर्ति नही हो रही है तथा विकास खण्ड राठ में योजना के अन्तर्गत 41 राजस्व ग्राम है जबकि ओ एण्ड एम की मात्र दो टीमें लगाई गयी है जिसके कारण समय पर कमियो का निस्तारण न होने के कारण नियमित जलापूर्ति नही हो पा रही है। विकास खण्ड मुस्करा में कमियो के निस्तारण हेतु मात्र तीन टीमें लगाई गयी है जिसके कारण समस्याओ का निस्तारण समय पर नही हो पा रहा है एवं जलापूर्ति मे बाधा उत्पन्न हो रही है। आईटी वर्ल्ड के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि मै0 श्री हरि द्वारा शत-प्रतिशत जलापूर्ति वाले ग्रामों की सूची उपलब्ध नही करायी जा रही है जिसके कारण सुचारू रूप से ओ एण्ड एम का काम कई ग्रामो मे नही हो पा रहा है। इस सम्बन्ध मे उक्त फर्म के प्रतिनिधि श्री अमित वर्मा द्वारा संतोषजनक जवाब नही दिया गया जिस पर अधोहस्ताक्षरी ने खेद व्यक्त किया तथा सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि फर्म से समन्वय कर ऐसे प्रतिनिधियों को बैठक में बुलाया जाए जिसे योजना के सम्बन्ध मे पूर्ण जानकारी हो।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 06.3.2026 व 19.03.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक में कार्यदायी फर्मो, सभी सहायक/अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया था कि खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा विकासखण्ड की ग्रामवार उपलब्ध करायी गयी आख्या का सत्यापन कर दिनांक 25.03.2026 तक सत्यापन आख्या उपलब्ध करा दिया जाये किन्तु किसी भी ब्लाक की आख्या उपलब्ध नही करायी गयी है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा खेद व्यक्त किया गया तथा समस्त

ए०ई० व जे०ई० को निर्देशित किया कि शत–प्रतिशत जलापूर्ति एवं सडक मरम्मत के सम्बन्ध में विकासखण्ड वार रिपोर्ट पर एजेन्सी की अनुपालन आख्या पर अपनी स्पष्ट आख्या दो दिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे, ताकि मा० जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जा सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि समस्त अवर अभियंता प्रत्येक सोमवार को ग्रामवार जलापूर्ति की आख्या प्रत्येक दशा में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

सभी फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि समय–समय पर नियमित रूप से जल की गुणवत्ता जॉच करा लिया करें तथा अवर जलाशय/वाटर स्टोरेज स्ट्रक्चर्स की प्रत्येक माह में सफाई अवश्य करा ले एवं टंकियों के लीकेज आदि पर नजर रखी जाए तथा नियमित अंतराल पर पानी की टेस्टिंग की जाए। उक्त के अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया सभी फर्म अपने अपने कन्ट्रोल रूम बना ले तथा प्रत्येक ग्राम की विस्तृत जलापूर्ति की रिपोर्ट लेकर प्रत्येक साप्ताहिक रूप से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करायें साथ ही ओ एण्ड एम की मानव श्रम व मशीनरी बढा ले जिससे गर्मियों में जहॉ भी जलापूर्ति की शिकायत का तत्काल निस्तारण हो सके।

7/4/26.

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।
O/C

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या– 112C/न०गं०–पे०यो०–स०वे०(2025-26) दिनांक– 07.04.2026

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, रा0/हमीरपुर।
8. अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए यथाशीघ्र अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
9. अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई–मेल द्वारा)
10. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मो को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

7/4/26

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।
O/C

Scanned with OKEN Scanner